# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा-5 (सप्ताह-1)

**प्रश्नों की कुल संख्या-30** | **समय- लगभग 60 मिनट**

**विद्यार्थी का नाम-** ........................................................................ **शाला उपस्थिति पंजी क्र.-** ..............

**शाला का नाम-** .........................................................**वि.ख. -** ......................... **जिला-** ....................

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**(टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें)**

- **प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां अनिवार्यत: पूर्ण कराएं।**
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधाारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों को टेस्ट पेपर बाँटें।
2. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है।''
3. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें।''
4. **सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।**
5. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के कुल 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   भाग–1 : भाषा हिन्दी प्रश्न 1–10

   भाग–2 : पर्यावरण अध्ययन प्रश्न 1–10

   भाग–3 : गणित प्रश्न 1–10

---

## भाग-1 : हिन्दी

**निर्देश : नीचे दिए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

आम का पना गर्मियों में मुख्य रुप से उत्तरी भारत में पिया जाता है। इसे बनाने के लिए (कैरी) कच्चा आम, चीनी और कुछ मसालों की आवश्यकता होती है, जैसे- नमक, भुने जीरे का पाउडर, काला नमक, काली मिर्च। यह पेय प्यास तो बुझाता ही है और साथ ही गर्मियों में अधिक पसीना निकल जाने पर नमक और लौह की कमी को भी पूरा करता है। इसको पीने से विटामिन बी और सी की भी पूर्ति होती है।

आम पना बनाना बहुत ही आसान है। पहले कुछ कच्चे आम उबालो और फिर उन्हें छीलो, गुठली निकालो और चम्मच से गूदा निकालो। अब गूदे को एक कटोरे में रखकर उसमें पानी, चीनी, नमक, काली मिर्च, काला नमक और जीरा पाउडर मिलाओ। उसमें पुदीने की पत्तियाँ भी काटकर या पीसकर डालें। उसे अच्छी तरह मिला लें। बर्फ डालकर ठंडा करके परोसें। स्वादिष्ट होने के साथ आम पना अपने ताजगी भरे हल्के हरे रंग के कारण सुंदर भी लगता है।

प्र. 1 गद्यांश में वर्णित 'पना' बनाने के लिए मुख्य सामग्री क्या होगी–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | काला नमक | (B) | पुदीना |
| (C) | कच्चा आम | (D) | चीनी |

प्र. 2 'आम पना' औषधि के रूप में कब उपयोगी होता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | खाँसी के इलाज में | (B) | दाँत के दर्द में |
| (C) | कान के दर्द में | (D) | लू के उपचार में |

प्र. 3 ''आम पना बनाना बहुत <u>आसान</u> है।'' वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम क्या होगा?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | सरल | (B) | सुखद |
| (C) | कठिन | (D) | कठोर |

प्र. 4 ''सुंदर'' शब्द का विलोम होगा–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | असुंदर | (B) | सुंदरता |
| (C) | समुन्दर | (D) | सुसुन्दर |

प्र. 5 ''आम'' के अलावा निम्नलिखित फलों में से किसमें गुठली पायी जाती है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | अंगूर | (B) | केला |
| (C) | बेर | (D) | पपीता |

**निर्देश: दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

टैगोर अपार्टमेंट

टैगोर गार्डन, दिल्ली

**सूचना**

**रक्तदान शिविर का आयोजन**

28 सितंबर, 2020

आप सभी को अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि 02 अक्टूबर अर्थात् गांधी जी की जयन्ती के शुभ अवसर पर अपार्टमेंट के सामुदायिक भवन में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह आयोजन दीनदयाल उपाध्याय हरिनगर अस्पताल के डॉक्टरों की देखरेख में किया जाएगा। रक्तदान के इच्छुक व्यक्ति 01 अक्टूबर, 2020 तक अधोहस्ताक्षरी के पास अवश्य नामांकन करवा दें।

आयोजन का दिन – 02 अक्टूबर, 2020
समय – प्रातः 9 बजे से 5 बजे सायं
स्थान – सामुदायिक भवन, टैगोर गार्डन

पुलकित शर्मा
(सचिव)
आर.डब्ल्यू.ए. टैगोर गार्डन

प्र. 6 ''रक्तदान'' शब्द का अर्थ होगा –

(A) खून का दान (B) खून का बहना

(C) खून का रूकना (D) खून खौलना

प्र. 7 निम्नलिखित शब्द समूहों में से किस समूह को आप संज्ञा की श्रेणी में रखेंगे ?

(A) अत्यंत, अवश्य (B) आप, सभी

(C) दिल्ली, गांधीजी (D) करना, जाएगा

प्र. 8 यह सूचना कब जारी की गई है?

(A) 28 सितम्बर को (B) 20 सितम्बर को

(C) 2 अक्टूबर को (D) 1 अक्टूबर को

प्र. 9 'सामुदायिक' शब्द में कौन–सा शब्दांश प्रत्यय है–

(A) सा (B) सामु

(C) इक (D) दायिक

प्र. 10 सूचना किसके द्वारा जारी की गई है?

(A) टैगोर गार्डन (B) टैगोर अपार्टमेंट

(C) सामुदायिक भवन (D) पुलकित शर्मा

## भाग–2 : पर्यावरण अध्ययन

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 सोनू ने चीटियों की कतार के बीच में पेंसिल रखकर उनका रास्ता रोका, तो कुछ चींटियां अपनी कतार से अलग चलने लगती हैं, क्योंकि–

(A) वे रास्ता भटक जाती हैं। (B) वे घबरा जाती हैं।

(C) उन्हें अपनी साथी चींटियों की गंध(D) वे अपने साथियों को ढूढ़ती हैं। नहीं आती है।

प्र.2 कुछ पक्षियों की दृष्टि इतनी तेज़ होती है कि वे हमसे चार गुना अधिक दूरी से वस्तु को देख पाते हैं। ऐसे पक्षियों का समूह कौन सा है –

(A) मोर, मुर्गा, चील (B) गिद्ध, कौवा, तोता

(C) चील, बाज, गिद्ध (D) मोर, बाज, कौवा

प्र.3 रात में जागने वाले जानवरों जैसे उल्लू, चमगादड़ आदि को हर वस्तु का रंग दिखाई देता है–

(A) लाल और सफेद रंग (B) सफेद और काला रंग

(C) लाल और काला रंग (D) हरा और पीला रंग

प्र.4 अपने शरीर से उत्पन्न बिजली तरंगों के द्वारा खतरे की चेतावनी दे कर अपने साथियों को कौन–सा जीव सतर्क करता है ?

(A) कुत्ता (B) मछली

(C) बंदर (D) पक्षी

प्र.5 रात के समय बाघ अपने शिकार की स्थिति का पता करने के लिए अपने शरीर के किस अंग की सहायता लेता है –

(A) कान (B) नाक

(C) मूँछे (D) आँखे

प्र.6 यदि कोई मीठा पदार्थ फर्श पर गिर जाता है, तो कुछ ही समय में चींटियों का झुंड उस पदार्थ पर जमा हो जाता है। इससे चींटियों की किस विशेषता का पता चलता है ?

(A) चींटियों को मीठा अधिक पंसद है।

(B) चींटियों की दृष्टि तेज़ होती है।

(C) चींटियों के सूंघने की क्षमता तीव्र होती है।

(D) चीटियों को भूख अधिक लगती है।



प्र.7 सर्दियों के दिनों में सामान्यतः हमें घरों में छिपकलियाँ दिखाई नहीं देती हैं, क्योंकि –

(A) उन्हें भोजन नही मिल पाता है (B) थक कर बैठ जाती हैं

(C) वे शीत–निंद्रा में चली जाती हैं (D) घर के बाहर घूमने निकल जाती हैं।


प्र.8 आपने देखा होगा कि हाथी के कान बहुत बड़े–बड़े होते हैं। हाथी अपने कानों को बार–बार हिलाता है। वह ऐसा क्यों करता है ?

(A) ऐसा करके वह अपने विशालकाय शरीर की गर्मी को कानों के द्वारा बाहर निकालता है तथा शरीर का रक्त संचार भी नियंत्रित रखता है।

(B) ऐसा करके वह मक्खियां भगाता है।

(C) ऐंसा करके वह छोटे जीवों को डराता है।

(D) कानों को बार–बार हिलाना उसकी आदत होती है।



प्र.9 केंचुए को किसान का परम मित्र कहा जाता है क्योंकि –


(A) वह पक्षियों का भोजन होते हैं।

(B) वह मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाते हैं।

(C) वह दूसरे कीड़ों को मिट्टी के अंदर दबा देते हैं।

(D) वह चुपचाप सोते रहते हैं।

प्र.10 यदि आपको चित्र में दिया गया वाद्य यंत्र बनाने को दिया जाए तो आप निम्न में से किस सामग्री का उपयोग करेंगे –



(A) बाँस (B) सूखा कद्दू

(C) सूखी लौकी (D) प्लास्टिक पाइप

## भाग–3 : गणित

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 एक पुस्तकालय के लिए 13 पुस्तके खरीदी गई। सभी पुस्तकों का मूल्य समान हैं। पुस्तक खरीदने पर ₹3185 खर्च किए गए। प्रत्येक पुस्तक का मूल्य क्या होगा?

(A) ₹3198 (B) ₹3172

(C) ₹245 (D) ₹254

प्र.2 तालिका में दी गई सभी वस्तुओं को दुकान से खरीदा गया है।

| | |
|---|---|
| **दाल** | ₹193 |
| **चावल** | ₹245 |
| **शक्कर** | ₹180 |

दुकानदार को ₹500 का एक नोट देने के बाद और कितने रूपये देने होंगे?

(A) ₹618 (B) ₹438

(C) ₹418 (D) ₹118

प्र.3 निम्न प्रश्न में ☐ के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

$$\begin{array}{r} 37 \\ \times \square \\ \hline 296 \\ \hline \end{array}$$

(A) 8 (B) 9

(C) 269 (D) 259

प्र.4

**रेट लिस्ट**

| सं क्रं. | सामग्री का नाम | मूल्य प्रति नग |
|---|---|---|
| 1 | पोहा | ₹8 प्रति प्लेट |
| 2 | जलेबी | ₹10 प्रति प्लेट |
| 3 | समोसा | ₹6 |
| 4 | कचौड़ी | ₹7 |

सोना और उसकी सहेली दुकान पर 1-1 प्लेट पोहा और 2-2 समोसा खरीदती हैं। उन्हे दुकानदार को कितने रूपये देने पड़ेगे?

(A) ₹20 (B) ₹31

(C) ₹40 (D) ₹32

प्र.5 ₹500 के 5, ₹100 के 7, ₹50 के 3 एवं ₹20 के 2 नोटों से मिलकर कुल कितनी राशि बनेगी?

(A) ₹670 (B) ₹3390

(C) ₹687 (D) ₹3370

प्र.6 4 खण्ड वाली अलमारी के प्रत्येक खण्ड में 6-6 पुस्तकें रखी हैं। ऐसी ही चार अलमारियों में कुल कितनी पुस्तकें होगी?

(A) 24 (B) 48

(C) 16 (D) 96

प्र.7 शाला में आयोजित प्रतियोगिता हेतु 451 उपहार लाए गए हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को 2-2 उपहार देने के बाद 17 उपहार बच जाते हैं। कितने विद्यार्थियों को उपहार वितरित किए गए?

(A) 217 (B) 225

(C) 26 (D) 21

प्र.8 समान कदमों से चलने वाला एक रोबोट एक कदम में 25 सेमी. चलता है। 50 मीटर की दूरी तय करने के लिए उसे कितने कदम चलना पड़ेगा?

(A) $50 + 25$ (B) $50 \times 25$

(C) $5000 \div 25$ (D) 5000

प्र.9 एक माली 100 पौधे खरीदता है। वह बगीचे की प्रत्येक पंक्ति में 18 पौधे लगाता है। वह कितनी पंक्तियों में पौधे लगाएगा और कितने पौधे शेष बचेंगे?

(A) पंक्तियाँ 5, शेष पौधे 10 (B) पंक्तियाँ 10, शेष पौधे 5

(C) पंक्तियाँ 18, शेष पौधे 10 (D) पंक्तियाँ 18, शेष पौधे 5

प्र.10 5 रूपये के एक सिक्के का वजन 9 ग्राम है। 9 किलोग्राम वजन वाले बैग में कितने 5 रूपये के सिक्के होगे?

(A) 14 (B) 1000

(C) 100 (D) 45

---

# सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका ( कक्षा-5 सप्ताह-1 )

| हिन्दी | | पर्यावरण अध्ययन | | गणित | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | |
| 10 | | 10 | | 10 | |

**शिक्षक हेतु निर्देश-**

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते है।

**विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें ( 10 मे से कितने उत्तर सही पाए? )**

| हिन्दी | पर्यावरण अध्ययन | गणित |
|---|---|---|
| | | |